## युवक के हमले में महिला का हाथ कटा, युवक गिरफ्तार

**राउरकेला :** रविवार की रात एक महिला पर एक युवक द्वारा हमला करने से उसका हाथ कट गया। इस मामले में प्लांट साइट पुलिस ने आरोपी युवक राजेश सागर को गिरफ्तार कर कोर्ट चलान कर दिया है। रेलवे कालोनी की रहने वाली कुंजलता साहु के अनुसार बीती रात तीन बजे राजेश उसकी दुकान पर गया और बीड़ी की मांग करने लगा। रात हो जाने के कारण दुकान बंद थी और कुंजलता ने बीड़ी देने से इनकार कर दिया। इस पर राजेश दुकान का दरवाजा पिटने लगा। बाद में एक गैईती लेकर वह दुकान पहुंचा और दुकान का दरवाजा तोड़ने लगा जिसमें गैईती कुंजलता के हाथ में लग गई और उसका हाथ कट गया। महिला के चिल्लाने पर पड़ोसी वहां पहुंच गये लेकिन तब तक राजेश फरार हो गया। राजेश के नाम पर पहले से काफी मामले दर्ज हैं। घायल महिला की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर आज राजेश को गिरफ्तार कर कोर्ट चालान कर दिया।

# हथियार के बल पर 18000 रुपयों की लूट, मामला दर्ज

**राजगांगपुर :** बीती रात स्थानीय माटी गेट के निकट पार्किंग के पास खड़े एक ट्रक के ड्राइवर पर जानलेवा हमला कर लुटेरों ने नकद 18000 रुपये व एक मोबाइल लुटकर मौके से फरार हो गए। जानकारी मिलने पर ट्रक के ड्राइवर को प्राथमिक इलाज के लिए ड्राइवर के परिचितों ने उसे राजगांगपुर सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डाक्टर ने जांच-पड़ताल कर सिर पर लगी गंभीर चोट पर मरहम पट्टी कर उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी। ड्राइवर से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात संबलपुर जिले के बेलपहाड़ निवासी एमडी खालिद खान अपने ट्रक को माटी गेट स्थित पार्किंग के समीप खड़ा कर गाड़ी के अंदर सोये हुए थे। बताया जाता है कि रात के ढाई बजे के आसपास ट्रक का शीशा टूटने की आवाज सुनकर ट्रक के अंदर सोये ड्राइवर की आंख खुल गई। उसने देखा कि चार अज्ञात युवक ट्रक का शीशा तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। तभी ड्राइवर ने दरवाजा खोला और भागने का प्रयास किया लेकिन तभी एक लुटेरे ने टांगिया से ड्राइवर के सिर पर हमला कर दिया। इस अचानक हमले के कारण ड्राइवर के सिर पर गंभीर चोट लगी और खून बहने लगा। तभी एक-दूसरे लुटेरे ने उसके गले पर चाकू रख दिया और नकद राशि की मांग की। भयभीत ड्राइवर ने अपने पास रखे 18000 रुपये लुटेरों को दे दिये। वहीं दूसरी तरफ लुटेरे उसका मोबाइल भी साथ लेकर चले गए। गंभीर रूप से घायल ड्राइवर ने लुटेरों के जाने के बाद शोरगुल मचाने पर आसपास के



गाड़ चालक मौके पर जमा हो गए लेकिन तब तक लुटेरे फरार हो गए। सुबह मामले की जानकारी स्थानीय ट्रक मालिक संघ के अध्यक्ष राकेश नंदा उर्फ बब्बू भाई सहित थाने में दी गई है। वहीं दूसरी तरफ इस घटना को लेकर ट्रक ड्राइवरों में भय का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार विगत कुछ महीनों से माटी गेट स्थित पार्किंग के पास हथियार के बल पर लूटपाट की तीन घटना हो चुकी है लेकिन अभी तक पुलिस किसी भी मामले को सुलझाने में असफल साबित हो रही है और वहीं दूसरी तरफ इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वाले लुटेरों का मनोबल बढ़ता ही जा रहा है। कुछ लोगों का कहना है कि माटी गेट से लेकर रानी बांध हाइवे तक रोशनी की व्यवस्था उचित नहीं होने के कारण ही मौके का फायदा उठाते हुए लुटेरे आये दिन इस तरह की लूटपाट की घटना को अंजाम देकर फरार हो जाने में कामयाब हो रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ कुछ गणमान्यों का कहना है कि विगत तीन दिन पहले नये थाना प्रभारी के पदभार संभालने के बाद पुलिस प्रशासन व आम नागरिकों की एक बैठक का आयोजन थाना परिसर में किया गया था और थाना प्रभारी के पदभार संभालने के बाद लूटपाट की यह पहली वारदात है। नागरिकों का कहना है कि नये थाना प्रभारी बहुत ही जल्द मामले को सुलझाने के साथ लुटेरों को गिरफ्तार करने में कामयाब होंगे। समाचार लिखे जाने तक पुलिस विभिन्न स्थानों पर छापामारी कर रही है।

## आरएसपी की विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में प्रतियोगिता आयोजित

**राउरकेला :** राउरकेला स्टील प्लांट(आरएसपी) के जल प्रबंधन विभाग एवं टाउन इंजीनियरिंग(जल आपूर्ति) ने आगामी विश्व जल दिवस समारोह के उपलक्ष्य पर लिखित प्रश्नोत्तरी और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता सेक्टर-18 के जूनियर इस्पात इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कुल 241 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्रों में पानी के अपव्यय को कम करने और भविष्य के लिए पानी को संरक्षित करने के लिए जागरुकता उत्पन्न करना था। स्टील टाउनशिप के विभिन्न स्कूलों से कक्षा एक से 12वीं तक के 116 छात्रों ने क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रश्न मुख्य रूप से पानी से संबंधित थे। चित्रकला प्रतियोगिता पानी बचाओ विषय पर आधारित थी। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों की



कक्षा एक से 12वीं तक के 125 छात्रों ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 22 मार्च को विश्व जल दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

# लापता तीन बालक सगरा स्टेशन से मिले

**राउरकेला :** गत रविवार को गर्जन गांव के तीन बालक लापता हो गए थे। इसकी शिकायत सोमवार को परिजनों द्वारा ब्राह्मणी तरंग थाने में करायी गयी थी। आज लापता बालकों को बामड़ा स्थित सगरा स्टेशन पर घूमते हुए देखा गया। जिसके बाद उनके परिजनों को सूचित किया गया। परिजनों ने वहां पहुंच कर सभी बच्चों को लेकर घर आये। सूचना अनुसार गर्जन पंचायत के महुलटोला एवं मझाटोला गांव के पिथुन कुजुर के बेटे अभिषेक कुजुर(13), राजकुमार किसान के बेटे शाहिल किसान(12) एवं संजय बाड़ा के बेटे प्रेमसागर बाड़ा(13) रविवार के मध्याह्न 12.30 बजे घर से निकले थे। उसके बाद से वे घर नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी काफी तलाश करने के बाद निराश होने पर इस बारे में ब्राह्मणी तरंग थाने में सोमवार की शाम लापता होने की शिकायत दर्ज कराई। वहीं चर्चा हो रही थी कि ये बालक वेदव्यास मेला घूमने गये थे। मेला घूमने के बाद वे किसी ट्रेन से सगरा चले गये थे। शाहिल के मामा का घर सागरा गांव में होने के कारण वे सागरा स्टेशन पर उतर कर घूम रहे थे। तभी सागरा गांव की एक महिला ने शाहिल को पहचान लिया और उसके मामा को सूचना देने के साथ परिजन को सूचित किया। परिजनों ने सगरा पहुंचकर सभी बच्चों को साथ लेकर आये। इधर थाने में लापता होने की शिकायत देने के कारण परिजनों ने थाने में उनके मिलने की सूचना दी। पुलिस ने बच्चों को मैजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराने के बाद छोड़ दिया।

## दहेज उत्पीड़न, थाने में शिकायत दर्ज

**राउरकेला :** धरुआडीही थाना अंतर्गत कुअंरमाल गांव में दहेज उत्पीड़न करने की एक शिकायत दर्ज की गयी है। कुअंरमाल गांव के विवेक सिंह(28) एवं संबलपुर जिला अंतर्गत बामरा की इतिश्री सिंह के बीच प्रेम संपर्क था। दोनों बाद में रजिस्ट्री विवाह कर पति-पत्नी की तरह रहते थे। कुछ माह बाद दोनों की शादी सामाजिक रीतिनीति के साथ होनी थी। इस दौरान विवेक 10 लाख रुपये की मांग करने लगा। रुपये नहीं देने से वह इतिश्री पर अत्याचार करने लगा। इसे लेकर इतिश्री ने बड़गां थाने में शिकायत दर्ज करायी। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

## रंगदारी नहीं देने पर नक्सलियों ने जलाई रोड रोलर

**राउरकेला :** चुनाव से पूर्व नक्सलियों के उत्पात से पुलिस की चिंता बढ़ गई है। राउरकेला ओडिशा-झारखंड सीमा बिसरा थाना के सानरामलोइ गंगेइटोला में नक्सलियों ने एक रोड रोलर को जला दिया। वहीं नक्सली घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक पत्र



काम चल रहा था। संभवत: ठेकेदार से नक्सलियों द्वारा रंगदारी मांगी गई होगी। रंगदारी नहीं दिये होने के कारण सड़क काम में नियोजित रोड रोलर को जला दिया है। वहां पर छोड़े गये पत्र में उल्लेख किया गया है छोड़ गये हैं। रंगदारी नहीं देने को इस घटना को अंजाम दिये जाने का कारण बताया गया है। पुलिस सूचना पाते ही मौके पर पहुंच पत्र को जब्त करने के साथ घटना की छानबीन कर रही है। उल्लेखनीय है कि प्रधान मंत्री सड़क योजना में गंगेइटोला में सड़क निर्माण का कि बारंबार पैसा मांगने के बाद भी नहीं दिया गया और आज-कल कहते रहे। इसलिए यह पहला अंजाम है। आगे फोन पर सूचना दी जायेगी कि जिस स्थान पर बोला जाए उस स्थान पर पैसा पहुंचा दे। नहीं तो इससे भी भयानक अंजाम होगा।

## छात्रा से यौन उत्पीड़न का आरोप, प्रधान शिक्षक गिरफ्तार

**राउरकेला :** बड़गां प्रखंड स्थित तुड़ालगा स्कूल की छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न करने के आरोप में स्कूल के प्रधान शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते कल तुड़ालगा स्कूल में पढ़ रही एक नाबालिग आदिवासी छात्रा के सौतेले पिता गोपाल लाकड़ा ने बड़गां थाने में शिकायत दर्ज करायी थी कि उनकी बेटी एवं अन्य 13 सहपाठियों को स्कूल का प्रधान शिक्षक कई बार अलग-अलग बहने से यौन उत्पीड़न कर रहा है। इस शिकायत पर पुलिस ने एक मामला दर्ज कर शिक्षक को हिरासत में ले लिया। आज सुंदरगढ़ एसपी सौम्या मिश्र के प्रत्यक्ष तत्वावधान में राजगांगपुर एसडीपीओ विजय कुमार नंद, बड़गा थाना अधिकारी सूर्यकांती दास ने उक्त स्कूल जाकर इसकी छानबीन की। छानबीन के बाद घटना में सच्चाई पाये जाने के बाद पुलिस प्रधान शिक्षक लक्ष्मीनारायण सेनापति के खिलाफ भादवि की धारा 354, 354(क) एवं नाबालिग आदिवासी छात्रा से यौन उत्पीड़न करने का मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। प्रधान शिक्षक पर आरोप था कि स्कूल में स्थित छात्रावास की छात्राओं को अक्सर वे अपने सरकारी निवास पर फोन करने के बहाने बुलाते थे एवं विभिन्न बहाने से यौन उत्पीड़न देते थे। छात्राओं में काफी असंतोष बना था। लेकिन वे भय से किसी को कुछ नहीं कह पाती थीं। इस छात्रावास की एक छात्रा गत शनिवार की शाम अपने घर गयी थी। घर पर उसने अपने अभिभावक को घटना के बारे में बताया। अभिभावक ने रविवार को स्कूल पहुंच कर प्रधान शिक्षक को धमकाया और सोमवार को उसके खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने प्रधान शिक्षक लक्ष्मीनारायण को तुरंत हिरासत में ले लिया था। बाद में घटना की पूरी जांच-पड़ताल के बाद आज गिरफ्तार कर कोर्ट चालान कर दिया गया।

## दो बाइक की भिड़ंत में दो की मौत

**राउरकेला :** बंडामुंडा थाना अंतर्गत उत्तमबस्ती के निकट कुम्हारपड़ा में दो बाइक को बीच हुई टक्कर में दो युवकों की मौत हो गयी है। बंडामुंडा-राउरकेला मुख्य मार्ग से बंडामुंडा कालेज के पास रहने वाले अरबिंद साहु(42) एक बाइक से जा रहे थे, उसी दौरान सामने से आ रही एक अन्य बाइक के साथ उनकी टक्कर हो गई। जिसमें अरविंद के साथ-साथ अन्य बाइक पर सवार सोनू चौधरी(35) दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें आईजीएच ले जाने के दौरान दोनों की रास्ते में मौत हो गयी।

### नालेज कार्नर

## अधिकतर लोग साझा करने से पहले फेक न्यूज की जांच नहीं करते

अधिकतर लोग किसी सूचना के सही या फर्जी होने की जांच किए बगैर सोशल मीडिया पर साझा करते हैं। यह जानकारी एक शोध में सामने आई है। अमेरिका में ओहायो विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पाया कि सोशल मीडिया पर गलत सूचना (फेक न्यूज के नाम से मशहूर) का पता लगाने के लिए कई कारकों का इस्तेमाल किया जा सकता है। बिहैवियर एंड इन्फार्मेशन टेक्नोलाजी पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में पाया गया कि कुछ कारकों पर गौर करके यह अनुमान लगाना संभव है कि क्या कुछ लोग कुछ कारकों पर आधारित गलत सूचना साझा कर सकते हैं। ओहायो विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एम लईक खान ने कहा कि इस अध्ययन से यह समझने में आसानी होगी कि कोई व्यक्ति सैद्धांतिक दृष्टिकोण और सूचना साक्षरता कारकों का इस्तेमाल कर सोशल मीडिया पर गलत सूचना साझा क्यों करेगा।

खान ने एक बयान में कहा कि फेक न्यूज और गलत सूचना को हमारे समय का सबसे बड़ा मुद्दा कहा जा सकता है। शोध पूर्वानुमान की जांच के लिए खान ने अमेरिकी रूपरेखा में इंडोनेशिया से आंकड़े जुटाए।

## बंटूपाड़ा नवनिर्मित हनुमान मंदिर में स्थापना समारोह आयोजित

### कलश शोभायात्रा बनी आकर्षण का केंद्र







**राजगांगपुर :** बंटूपाड़ा स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर में तीन दिवसीय स्थापना समारोह का शुभारंभ रविवार से हुआ। शहर के विद्वान पंडितों द्वारा इस मंदिर में पूजा-अर्चना शुरू हो गई है। इस दिशा में आज एक विशाल कलश शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा हनुमान मंदिर से निकलकर विमेन कालेज, राष्ट्रीय विद्यालय, तालकीपाड़ा के रास्ते से होकर बाबा तालाब, खाड़ा गली से होकर शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए बस स्टैंड के रास्ते से होकर वापस बंटूपाड़ा हनुमान मंदिर पहुंची। इस कड़ी में आसपास इलाके की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आज की कलशयात्रा देखने के लिए सड़क के दोनों तरफ लोगों का जनसैलाब उमड़ता हुआ नजर आया। वहीं दूसरी तरफ इस कलश शोभायात्रा के दौरान कीर्तन मंडली की धून पर श्रद्धालु नाचते-गाते झूमते हुए नजर आए। यात्रा के दौरान लोगों का हुजूम उमड़ा हुआ नजर आया। पूजा-अर्चना के बाद कल महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम की व्यवस्था मंदिर कमेटी की ओर से की गई है। साथ ही साथ हनुमान के मनमोहक दृश्य के दर्शन करने के लिए भी उचित व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर शंकर माझी, विनोद माझी, महेंद्र माझी, देव रंजन विनोद, बसंत साहू, चेतू माझी, कुमार बारला, अमरेश पंडा, नरसिंह मिंज, राजन सोनी, सुंदर टोप्पो सहित अन्य मंदिर कमेटी के कार्यकर्ताओं ने उपस्थित रहकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।


MCL

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड

(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)

जागृति विहार, बुर्ला- 768020, जिला-सम्बलपुर, ओड़िसा

टेली फोन (इपीएबीएक्स) : 0663-2542461 से 469, वेबसाइट : www.mahanadicoal.in

**ई-निविदा सूचना**

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड की निम्नलिखित ई-निविदाएं, कोल इंडिया लिमिटेड की ई-निविदा पोर्टल **(https://coalindiatender.nic.in)** में प्रकाशित हैं जिन्हें केन्द्रीय सार्वजनिक प्रापण पोर्टल **(https://eprocure.gov.in)** पर भी देखा जा सकता है। परवर्त्ती विस्तृत विवरण के लिए कृपया इन वेबसाइट्स को देखें।

| क्र. सं. | निविदा आईडी | निविदा शीर्षक | निविदा का मूल्य (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | 2019_MCL_132640_1 | Repair of Roofs and walls of conveyers of circuit nos.2,3,4.5,6,7.C-2,C-2A and Bunkers and Barrier wall at entry and exit of drive houses C-2,C-2A and C-3,at CHP of Bharatpur Area. | 3719406.00 |
| 2. | 2019_MCL_132666_1 | Construction of the room for installation of Energy Meter of DAV School at Anand Vihar, MCL HQ. | 425277.00 |
| 3. | 2019_MCL_132776_1 | Construction of one number of under pass of size 10.5m x 5.5m and 15m width at Lakhanpur OCP of Lakhanpur Area. | 15239677.00 |
| 4. | 2019_MCL_132829_1 | Supply of Miscellaneous items. | 362437.00 |
| 5. | 2019_MCL_132871_1 | Borewell with submersible pump and tank with pipe fitting in the newly constructed Sarswati Sishu Mandir School, Tikilipara under CSR Scheme of Basundhara Area. | 565842.00 |
| 6. | 2019_MCL_132885_1 | Repairing of damaged houses of Kalamchhuin village (Puruna Sahi) due to blasting operation of balram OCP under Hingula Area. | 1837355.00 |
| 7. | 2019_MCL_132924_1 | Construction of 02 nos RCC Welcome Gate at Basundhara Area. | 2552387.00 |
| 8. | 2019_MCL_132928_1 | Supply of Spares for Light Fittings. | 683220.00 |
| 9. | 2019_MCL_132967_1 | Providing and fixing aluminium glazed shutter windows and MS grill closing at balcony area of Ctype qtrs at CWS. | 915311.00 |
| 10. | 2019_MCL_132976_1 | Replacement of damaged flooring of DT(P and P) and D(F) chamber including replacement of attached toilet of D(F) at MCL HQ., Sambalpur. | 396546.00 |
| 11. | 2019_MCL_132981_1 | Day to day maintenance of swimming pool at Sr. Club at Jagriti Vihar Township, MCL HQ., Sambalpur for Two years. | 1209138.00 |
| 12. | 2019_MCL_132558_1 | Preparing of cable trenches and laying of LT cable. foundation for Transformer. Feeder pillar panels, connection with earth pits, street light pole erection etc. for power supply arrangement of 108 quarters of HOCP at UCO Bank. | 470844.00 |
| 13. | 2019_MCL_132970_1 | Supply, Installation, Testing and Commissioning of Microprocessor based intelligent Automatic fire detection and protection system for 33KV substation in Electrical Panels at Lingaraj Area and OCP. | 3504043.00 |
| 14. | 2019_MCL_133022_1 | Hiring of 01 No. Bolero/Sumo or equivalent covered vehicle (except TUV) 7 seater with AC fitted (Diesel) with 12 hrs duty, maximum 3000 km run per month for 706 days in 02 years for OITDS Incharge, Bharatpur OCP, Bharatpur Area, MCL. | 890266.00 |
| 15. | 2019_MCL_133024_1 | Hiring of 03 No. of Tata Pick up or equivalent cabin seat 4 plus 1 and minimum 1 ton load capacity in rear load body with 24 hrs duty, maximum 3500 km run per month for 706 days in 02 years for Excavation department, Bharatpur OCP, Bharatpur Area, MC. | 5511036.00 |
| 16. | 2019_MCL_133061_1 | Construction of 22 Nos. of Isolation stopping at WP-VF(B) panel at Nandira Colliery- Re Tender. | 2063821.00 |
| 17. | 2019_MCL_133122_1 | Procurement of Fire Resistant Brattice cloth for MRS Talcher Area. | 50976.00 |
| 18. | 2019_MCL_133272_1 | AMC for repairing and maintenance of Electrical Installations, domestic electrical wiring, fault rectification etc upto medium voltage for 01 year 208 Working Days at Kaniha Area Office and Residential Quarters under control of KA. | 230588.00 |
| 19. | 2019_MCL_132882_1 | Supply, installation and Commissioning of Video Conferencing system for MCL with 5 years of CAMC. | 13183589.00 |
| 20. | 2019_MCL_133220_1 | Washing and painting of newly allotted quarters during change of occupants at Balram Township of Balram Township of Balram OCP under Hingula for 02 years. | 885935.00 |
| 21. | 2019_MCL_133233_1 | Misc. repair and repairing of downslab for seepage treatment of residential quarters at Balram Township of BOC Punder Hingula Area for a period of 02 years. | 4179190.00 |
| 22. | 2019_MCL_133263_1 | Making of 02 nos. rest shelters with toilet and drinking water facility one for departmental and other out sourcing patch of Balram OCP under Hingula Area. | 1264483.00 |
| 23. | 2019_MCL_132643_1 | Supply of Elisa Test Reagent kits for Blood Bank for NSCH,Talcher. | 331699.00 |
| 24. | 2019_MCL_133289_1 | Supply of spares for BEML WS28-2 Water sprinkler and BH-60 Dumpers at Lingaraj OCP (Exclusively For OEM/OPM/OES). | 1240987.00 |
| 25. | 2019_MCL_133091_1 | Annual repair and maintenance of masonry works including repair of doors and windows etc. at BIT of Lakhanpur Area. | 3390725.00 |
| 26. | 2019_MCL_133305_1 | Providing and installing of 16 Nos of stalls, platforms and barricading for Maa Hingula Yatra at village Gopal Prasad by Nandira Colliery. | 251160.00 |
| 27. | 2019_MCL_133425_1 | Repair and maintenance of Vocational Training Centre, Talcher Area. | 855038.00 |
| 28. | 2019_MCL_133346_1 | Construction of cycle shed near MTK/Site office at GOCP, Basundhara Area. | 1190050.00 |
| 29. | 2019_MCL_133359_1 | Improvement of Kaunrkela playground under CSR scheme at Basundhara Area. | 994842.00 |
| 30. | 2019_MCL_133388_1 | Distempering, paiting, outside exterior painting, replacement of window and providing vitrified tiles in the floor and skirting at project office cum VTC building of Basundhara(W)OCP, Basundhara Area. | 2103719.00 |
| 31. | 2019_MCL_133362_1 | Hiring of one No. Pick up van (5 seater) for 24 hrs duty for mines area for a period of two years for Hingula OCP, Hingula Area. | 1851638.00 |
| 32. | 2019_MCL_133522_1 | Hiring of Pay Loader for Mechanical Transfer of coal into Trucks/Tippers at Pit head coal stock yard of Hirakhand Bundia Mine, Orient Area, MCL. | 6068504.00 |
| 33. | 2019_MCL_133536_1 | Supply of Bowl Assly for BHR-54 VT pump at IWSS Lingaraj Area (Exclusively for OEM). | 4850000.00 |
| 34. | 2019_MCL_133498_1 | Hiring of 01 pick up van having seating capacity 4 plus 1 and minimum 01 Ton load capacity in rear load body on 24 hours duty/day maximum 150 Km/day on 02 years (683 Working Days) for exclusive use of CIMFR PO Pool at KOCP, KA with 03 (three) drivers. | 1745748.00 |
| 35. | 2019_MCL_133603_1 | Supply of Top Block Assy of ELGI make Air compressor for EKG 5A shovel at Lingaraj OCP (Exclusively for OEM). | 69340.00 |
| 36. | 2019_MCL_133563_1 | Hiring of 01 No. Diesel Driven Covered Jeep(Bolero Front Suspension Type or equivalent), having 6Plus1 seating capacity with A/C fitted(for 24 Hrs. Duty and Avg. run of 3000 KM per month) for Orient Area, MCL, for a period of Three years (1023 days). | 2594328.00 |
| 37. | 2019_MCL_133642_1 | Procurement of computers stationery for Jagannath Area. | 363730.00 |
| 38. | 2019_MCL_133088_1 | Filling of earth by the side of CT road from ROB to CHP South Quarry side opposite Silo of BOCP. | 743710.00 |
| 39. | 2019_MCL_133558_1 | Supply of water to village Barapali under Hingula Area (Package-09). (Re-Tender). | 454239.00 |
| 40. | 2019_MCL_133560_1 | Supply of water for domestic purpose through water tanker to village Ekdal, (Sanjamunda Sahi,Nayak Sahi,Puruna Sahi,Baragharia Sahi) and Hiloi ,under Bharatpur Area for the year 2019.(Re tender, 2nd call). | 1138570.00 |
| 41. | 2019_MCL_133567_1 | Supply of water to Kushachara Sahi, Jamunali village near R and R site under Hingula Area (Package-26). (Re-Tender). | 652178.00 |
| 42. | 2019_MCL_133591_1 | Supply of Red Dot AC Spares for Field Equipment. | 806207.00 |
| 43. | 2019_MCL_133605_1 | Supply of spares for aries air conditioner of dumpers. | 277200.00 |
| 44. | 2019_MCL_133615_1 | Supply of Diesel Additives required for reduction in specific Diesel consumption in HEMMs in mines. | 480000.00 |
| 45. | 2019_MCL_133580_1 | Supply of Tools. | 160362.00 |
| 46. | 2019_MCL_133637_1 | Supply of Hose/Hose Assy. for REL-750 Drill. | 176989.00 |
| 47. | 2019_MCL_133649_1 | Dismantling, diversion, laying, fitting and welding of 10 inch, 8 inch, 6 inch and 4 inch dia M.S. Pipeline as and when required at Lingaraj OCP, Lingaraj Area, MCL for a period of one year. | 2410537.00 |
| 48. | 2019_MCL_133738_1 | AMC for the work Electrical repair and maintenance including wiring/re-wiring of LT installations and external lighting work of GM Unit, R Store, Chh Project Office and operation of DG set of GM Unit of Bharatpur Area for a period of 1 year. | 538361.00 |
| 49. | 2019_MCL_133562_1 | Providing Rock filled wall along Coal Corridor Road at Ananta OCP. | 6526804.00 |
| 50. | 2019_MCL_133663_1 | Renovation of Toilets at Nilakantheswar Mahavidyalaya South Balanda under CSR programme of Jagannath Area. | 997746.00 |
| 51. | 2019_MCL_133664_1 | Construction of Library-Cum-Meeting Hall at Narayan Sevashram under CSR Programme of Jagannath Area. | 941200.00 |
| 52. | 2019_MCL_133671_1 | Installation of Over Head Tank with Pipe line around Narayan Sevashram under CSR Scheme of Jagannath Area. | 998205.00 |
| 53. | 2019_MCL_133672_1 | Dismantling of old cable and laying by new one for power supply to LT feeder no. 2 at Central Colony under GM Unit of Jagannath Area. | 197547.00 |
| 54. | 2019_MCL_133679_1 | AMC towards repair and maintenance of all air conditioners installed at different locations under GM Unit, Jagannath Area for a period of one year. | 1084235.00 |
| 55. | 2019_MCL_133758_1 | Hiring of One (01) No. Diesel Covered jeep Bolero / Sumo or equivalent, minimum 7 seater with AC fitted, Daily 16 hours operation for a period of Two Years for GM Office Pool, Lingaraj Area with monthly limit within 3410 km. | 1391280.00 |

एमसीएल ई-प्रापण सहायता केन्द्र **(फोन नं -0663-2542695/2542264), ई-मेल : hlp - eproc.mcl@coalindia.in** R-4893

हमारे ऐप्स प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंम्बर *1800 200 3004* पर एक मिस्ड कॉल दें।